Exam. Date 20-2-19

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 16
Number of Pages in Booklet : 16

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या /
Question Paper Booklet No.

**Subject Code : 05**

# STS-91

487361

**विषय / SUBJECT :**
**HINDI**

**समय : 2.30 घण्टे**
**Time : 2.30 Hours**

## PAPER-II

वे. अ. (स्कूल शिक्षा) 2018

**अधिकतम अंक : 300**
**Maximum Marks : 300**

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**

**The candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the Paper Seal / Polythene bag. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. **OMR** उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

**05**

1. किस शब्द में 'वि' उपसर्ग नहीं है ?
(1) विदुर (2) व्याकरण
(3) व्युत्पत्ति (4) विभा

2. किस शब्द में कोई उपसर्ग नहीं है ?
(1) बेचारा (2) बेशुमार
(3) विदित (4) विहित

3. किस विकल्प में 'गार' प्रत्यय युक्त शब्द नहीं है ?
(1) कारागार (2) मददगार
(3) यादगार (4) गुनहगार

4. किस विकल्प में 'कृदन्त' (कृत् प्रत्यय युक्त) शब्द है ?
(1) भारतीय (2) राष्ट्रीय
(3) ग्रामीण (4) करणीय

5. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द 'कृत प्रत्यय' से बने हैं ?
(1) बचत, छात्रा (2) कारक, भगोड़ा
(3) तेली, मिठास (4) घबराहट, कौन्तेय

6. निम्नलिखित में से किस विकल्प में परस्पर विलोम शब्द नहीं हैं ?
(1) इष्ट – अभीष्ट
(2) उर्वर – अनुर्वर
(3) आज़ादी – गुलामी
(4) ईप्सित – अनीप्सित

7. किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं ?
(1) पावक, अनिल (2) दशन, रदन
(3) प्रस्तर, उत्पल (4) भुजंग, पन्नगारि

8. किस शब्द में करण तत्पुरुष समास है ?
(1) पथभ्रष्ट (2) गुणयुक्त
(3) जीवनदान (4) स्वर्गपतित

9. किस शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सुमेलित नहीं है ?
(1) द्विप-द्वीप = हाथी-टापू
(2) उदार-उद्धार = दानशील, दयालु – तारना, भला करना
(3) अवधि-अवधी = एक भाषा – समय सीमा
(4) अविराम-अभिराम = निरंतर – सुन्दर

10. 'ऐसा रोग जो छूने मात्र से फैलता हो' – वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है :
(1) संक्रामक रोग (2) असाध्य रोग
(3) घातक रोग (4) चर्म रोग

11. किस विकल्प के सभी शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं ?
(1) द्रष्टा, गरिष्ठ (2) अधीन, दुरावस्था
(3) उच्छिष्ठ, प्रतिनिधि (4) दम्पती, गृहणी

12. व्याकरण की दृष्टि से कौन सा वाक्य अशुद्ध है ?
(1) किसी को गाली देना ठीक नहीं है ।
(2) वह सदैव सही समय पर आता है ।
(3) पकड़े जाने पर वह औरत रोने लगी ।
(4) वह पिछले महीने बार-बार जयपुर जा आया है ।

13. इनमें से किस मुहावरे का भावार्थ सही नहीं है ?
(1) फटे हाल होना = बहुत गरीब होना
(2) टका-सा जवाब देना = साफ मना कर देना
(3) घर बसाना = विवाह करना
(4) पेट पर लात मारना = भयंकर चोट पहुँचाना

14. 'बहती गंगा में हाथ धोना' का भावार्थ है
(1) तेज बहती गंगा की धारा में कभी नहाना नहीं चाहिए ।
(2) समय से लाभ उठाना चाहिए ।
(3) बहती गंगा में हाथ धोने से ही गंगास्नान का पुण्य मिल जाता है ।
(4) बहती हुई गंगा की धारा में केवल हाथ धोने चाहिए ।

15. अनेकार्थक शब्द 'द्विज' का कौन सा अर्थ असंगत है ?
(1) दाँत (2) हाथ
(3) पक्षी (4) चंद्रमा

16. 'भारतीय संघ की राजभाषा देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी होगी' – इस आशय का उल्लेख भारतीय संविधान की किस धारा में किया गया है ?
(1) 340 (2) 343
(3) 345 (4) 351

17. खड़ीबोली हिन्दी का विकास किस अपभ्रंश से माना जाता है ?
(1) शौरसेनी अपभ्रंश (2) मागधी अपभ्रंश
(3) अर्धमागधी अपभ्रंश (4) पैशाची अपभ्रंश

18. इनमें से कौन सी भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित नहीं है ?
(1) मणिपुरी (2) कोंकणी
(3) राजस्थानी (4) मैथिली

**टिप्पणी :** निम्नलिखित गद्य-अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **19, 20, 21** के उत्तर दीजिए :

**गद्य–अवतरण**

भारतीय ऋषियों ने मानव जीवन को चार पुरुषार्थों में विभक्त किया है – धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष । ये चारों ही हमारी संस्कृति के अन्तर्गत आते हैं । अन्य शब्दों में – 'पुरुषार्थ' और संस्कृति एक ही सिक्के के दो पहलू हैं । उक्त चारों पुरुषार्थों में मोक्ष का धर्म के साथ सीधा संबंध माना गया है, लेकिन अर्थ और काम के लिए भी धर्म की मर्यादा को आवश्यक माना गया है । भारतीय संस्कृति का सदा से ही यह स्वर रहा है कि जो व्यक्ति या समाज धर्म को छोड़ देता है, उसके अर्थ और काम भी नष्ट हो जाते हैं । वस्तुतः, भारतीय संस्कृति अर्थ और काम को हेय नहीं मानती, बस उन पर धर्म का नियंत्रण आवश्यक मानती है । इस प्रकार भारतीय संस्कृति का मूल स्रोत धर्म ही है ।

19. किस व्यक्ति का अर्थ नष्ट हो जाता है ?
(1) पदच्युत (2) बेरोजगार
(3) निर्धन (4) धर्मच्युत

20. उपर्युक्त अवतरण में भारतीय संस्कृति का मूल स्रोत किसे माना है ?
(1) मोक्ष को (2) धर्म को
(3) आत्मज्ञान को (4) आस्तिकता को

21. उपर्युक्त अवतरण के अनुसार किस पुरुषार्थ/पुरुषार्थों का धर्म के साथ सीधा संबंध माना गया है ?
(1) काम व मोक्ष दोनों (2) अर्थ व काम दोनों
(3) केवल मोक्ष (4) अर्थ व मोक्ष दोनों

22. 'प्रबोधिनी' में संकलित पदों में मीरा ने भवसागर पार करने के लिए किसे अपना 'खेवट' माना है ?
(1) कृष्ण को (2) सत्य को
(3) सतगुरु को (4) प्रभुनाम को

23. 'कर जोड़ खड़े प्रमुदित, निर्भय,
दोनों पुकारते थे जय-जय ।'
– प्रबोधिनी में संकलित 'श्रीकृष्ण का दूत कार्य' रचना से उद्धृत उक्त कथन में किन दो व्यक्तियों का उल्लेख है ?
(1) शकुनि – दुर्योधन (2) धृतराष्ट्र – विदुर
(3) धृतराष्ट्र – गांधारी (4) भीष्म – विदुर

24. 'पीसा जाता जब इक्षुदण्ड, झरती रसकी धारा अखण्ड,
मेंहदी जब सहती है प्रहार, बनती ललनाओं का सिंगार ।'
उपर्युक्त पंक्तियाँ 'प्रबोधिनी' पुस्तक में संकलित किस कवि की हैं ?
(1) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(2) सुभद्राकुमारी चौहान
(3) सूर्यमल्ल मीसण
(4) श्यामनारायण पाण्डेय

25. 'प्रबोधिनी' में संकलित 'भोलाराम का जीव' रचना के अनुसार भोलाराम किस शहर में रहता था ?
(1) जबलपुर (2) इन्दौर
(3) खंडवा (4) महू

26. 'प्रबोधिनी' में संकलित रचना 'गिल्लू' के अनुसार गिलहरियों के जीवन की अवधि लगभग कितने वर्ष होती है ?

(1) चार वर्ष (2) तीन वर्ष
(3) दो वर्ष (4) एक वर्ष

27. 'प्रबोधिनी' में संकलित 'वीर नारी' रचना के अनुसार वीरांगना को किसका पड़ोस अच्छा नहीं लगता ?

(1) कायर व्यक्ति का (2) कमजोर का
(3) शत्रु का (4) विश्वासघाती का

28. 'क्षितिज' में संकलित 'लोकसंत दादूदयाल' के अनुसार इनमें से कौन सा व्यक्ति दादू का शिष्य नहीं था ?

(1) गरीबदास (2) भिखारीदास
(3) सुन्दरदास (4) रज्जब

29. 'क्षितिज' में संकलित मोहन राकेश की 'आख़िरी चट्टान' किस विधा की रचना है ?

(1) कहानी (2) ललित निबंध
(3) रिपोर्ताज (4) यात्रा संस्मरण

30. 'क्षितिज' में संकलित 'राजिया रा सोरठा' में उल्लिखित 'राजिया' का मूल नाम क्या था ?

(1) राजू (2) राजाराम
(3) राजकुमार (4) राजा

31. 'प्रबोधिनी' में संकलित 'युवाओं से' पाठ में स्वामी विवेकानन्द ने 'नास्तिक' किसे कहा है ?

(1) जो दूसरों पर विश्वास नहीं करता
(2) जो दूसरे के धर्म में विश्वास नहीं करता
(3) जो अपने आप में विश्वास नहीं करता
(4) जो किसी भी धर्म में विश्वास नहीं करता

32. 'ईदगाह' कहानी में वर्णित पात्र हामिद की दादी का क्या नाम था ?

(1) अमीना (2) जुबेदा
(3) हमीदा (4) समीना

33. 'उन्होंने अपने जीवन में अस्पृश्यता की जड़ काट डाली थी । वे बेधड़क दलितों से मिलती और उनकी सेवा करती थीं । .............. वे घोड़े की सवारी के लिए भी तैयार रहती थीं ।'

– 'पीयूष प्रवाह' में संकलित 'सत्य के प्रयोग' पाठ से अवतरित उक्त पंक्तियों में किस साहसी नारी का उल्लेख है ?

(1) यमुना देवी (2) आनन्दी बेन
(3) गंगाबाई (4) नर्मदा बेन

34. 'इस गुफा–शृंखला के तीन मुख्य अंग हैं : बौद्ध गुफाएँ, हिन्दू गुफाएँ और जैन गुफाएँ ।' – 'पीयूष प्रवाह' में संकलित 'कुछ ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण' पाठ से उद्धृत उपर्युक्त अवतरण में किस स्थान की गुफाओं का उल्लेख है ?

(1) अजंता (2) एलिफेंटा
(3) कन्हेरी (4) एलोरा

35. 'आलोक' में संकलित 'विष पिया, अमृत दिया' रचना के अनुसार बालक भीम को 'अम्बेडकर' उपनाम किसने दिया था ?

(1) ब्राह्मण मुख्याध्यापक ने
(2) पिताजी ने
(3) माताजी ने
(4) महाराजा गायकवाड़ ने

36. 'क्षितिज' में संकलित 'ईर्ष्या, तू न गई मेरे मन से' रचना के अनुसार 'ईर्ष्या' की बेटी का क्या नाम है ?

(1) शत्रुता (2) घृणा
(3) निन्दा (4) हीन भावना

37. 'आलोक' में संकलित 'मुक्तियोद्धाओं के शिविर में' रचना के लेखक कौन हैं ?
(1) विष्णुकान्त शास्त्री (2) विष्णु प्रभाकर
(3) प्रभाकर माचवे (4) अज्ञेय

38. 'कथा धारा' में संकलित रचना 'जैसलमेर की राजकुमारी' में उल्लिखित राजकुमारी का नाम क्या था ?
(1) रत्नवती (2) रूपमती
(3) शीलवती (4) रत्नावली

39. 'कथा धारा' में संकलित रचना 'एटम बम' के रचयिता हैं
(1) अज्ञेय
(2) जैनेन्द्र कुमार
(3) अमृतलाल नागर
(4) आचार्य चतुरसेन शास्त्री

40. 'प्रज्ञा प्रवाह' में संकलित 'सवैया' के अनुसार रसखान ब्रज की कँटीली झाड़ियों पर क्या न्यौछावर करने को तत्पर हैं ?
(1) तीनों लोकों का राज्य
(2) अष्टसिद्धि नवनिधि का सुख
(3) जन्मान्तरों के संचित पुण्य
(4) करोड़ों स्वर्णमहल

41. 'प्रज्ञा प्रवाह' में संकलित रचना 'धरती धोरां री' में रचनाकार ने राजस्थान की धरती की तुलना किससे की है ?
(1) सागर से (2) स्वर्ग से
(3) दिव्यलोक से (4) आकाश से

42. 'आलोक' में संकलित 'रानी लक्ष्मीबाई' रचना के अनुसार रानी के दत्तक पुत्र का नाम क्या था ?
(1) हरिहर (2) दामोदर
(3) माधवन (4) मनोहर

43. 'पुर तें निकसी रघुवीर वधू, धरि धीर दिये मग में डग द्वे ।' .................. फिर बूझति है, 'चलनो अब केतिक, पर्णकुटी करिहौं कित ह्वे ?"
– 'प्रज्ञा प्रवाह' में संकलित 'वनगमन' पाठ के अनुसार सीता के उपर्युक्त प्रश्न की राम पर क्या प्रतिक्रिया होती है ?
(1) वे सीता को ढाढ़स बँधाते हैं ।
(2) वन की रमणीयता का उल्लेख कर सीता का ध्यान बटाते हैं ।
(3) थोड़ी दूर और चलकर विश्राम करने की बात करते हैं ।
(4) उनकी आँखों में आँसू भर आते हैं ।

44. 'प्रज्ञा प्रवाह' में संकलित 'हार की जीत' कहानी के लेखक हैं
(1) सुदर्शन
(2) प्रेमचंद
(3) जैनेन्द्र
(4) विश्वंभरनाथ कौशिक

45. 'अपरा' में संकलित 'यात्रा का रोमांस' पाठ के आधार पर बताइये कि निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?
(1) यायावर का रास्ता कभी समाप्त नहीं होता ।
(2) यायावर की मंजिल पहले से तय होती है ।
(3) यात्रा यायावर को तटस्थ दृष्टि देती है ।
(4) यायावर जहाँ से गुजर जाए, वही उसका रास्ता है ।

46. 'जिसके चरणों में पड़ा ताल, दर्पण–सा फैला है विशाल ।'
– 'प्रज्ञा प्रवाह' में संकलित रचना 'पर्वत प्रदेश में पावस' के अनुसार किसके चरणों में 'विशाल ताल' फैला हुआ है ?
(1) पहाड़ी गाँव के
(2) ऊँचे–ऊँचे वृक्षों के
(3) पर्वत के
(4) पहाड़ी पगडंडी के

47. 'अपरा' में संकलित 'धरा और पर्यावरण' रचना के अनुसार राष्ट्र के संतुलित विकास के लिए कितने प्रतिशत भूभाग पर जंगल होने आवश्यक हैं ?

(1) 33 (2) 30
(3) 25 (4) 35

48. 'अपरा' में संकलित रचना 'गद्य साहित्य का आविर्भाव' के अनुसार 'प्रजाहितैषी' पत्र के सम्पादक कौन थे ?

(1) राजा शिवप्रसाद सितारे हिन्द
(2) राजा लक्ष्मणसिंह
(3) प्रतापनारायण मिश्र
(4) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

49. 'अपरा' में संकलित रचना 'भारतीय जीवन-दर्शन एवं संस्कृति' के अनुसार 'सेवा' का प्रकट रूप किसे माना है ?

(1) त्याग (2) समर्पण
(3) पूजा (4) विनम्रता

50. 'अपरा' में संकलित सूरदास के विनय संबंधी पदों में कवि ने किन लोगों का साथ छोड़ने के लिए कहा है ?

(1) निन्दक (2) पाखंडी
(3) लोक विमुख (4) हरि विमुख

51. 'प्रज्ञा प्रवाह' में संकलित रचना 'उधार माँगना भी एक कला है' के अनुसार बिना पूँजी के व्यापार प्रारंभ करने के लिए क्या करना चाहिए ?

(1) मित्रों से सहयोग लेना चाहिए ।
(2) रिश्तेदारों से सहायता लेनी चाहिए ।
(3) उधार माँगने की कला का अभ्यास करना चाहिए ।
(4) सहकारी बैंक से ऋण लेना चाहिए ।

52. 'सृजन' में संकलित रचना 'मैं और मैं' के अनुसार सबसे पहले किसके बारे में सोचना जरूरी है ?

(1) अपने बारे में
(2) परिवार के बारे में
(3) देश के बारे में
(4) मानव मात्र के बारे में

53. 'इस माता और इस बहन की सिली हुई कमीज मेरे लिए मेरे शरीर का नहीं-मेरी आत्मा का वस्त्र है । इसका पहनना मेरी तीर्थयात्रा है ।'

– उपर्युक्त उद्धरण 'सृजन' में संकलित किस रचना से लिया गया है ?

(1) बाजार दर्शन (2) ठेले पर हिमालय
(3) तौलिये (4) मजदूरी और प्रेम

54. 'सृजन' में संकलित आचार्य शुक्ल के निबंध 'भय' के आधार पर बताइए कि इनमें से कौन सा कथन असत्य है ?

(1) भय जब स्वभावगत हो जाता है तब कायरता या भीरुता कहलाता है ।
(2) अशिक्षित होने के कारण अधिकांश भारतवासी भी भय के उपासक हो गए हैं ।
(3) अतिभय और भयकारक का सम्मान सभ्यता के लक्षण हैं ।
(4) भय का विषय दो रूपों में सामने आता है – असाध्य रूप में और साध्य रूप में ।

55. 'अपरा' में संकलित बिहारी के दोहों में कवि ने 'मुँहजोर तुरंग ज्यौं' किसे कहा है ?

(1) नयनों को
(2) मन को
(3) दुष्ट नायक को
(4) परकीया नायिका को

56. ‘सृजन’ में संकलित रहीम के ‘नीति के दोहे’ के अनुसार विपत्तिकाल में धन किस तरह विलीन हो जाता है ?

(1) प्रातःकालीन ओस की तरह

(2) प्रातःकालीन तारों की तरह

(3) अमावस के चाँद की तरह

(4) स्वार्थी मित्र की तरह

57. ‘आखिरकार वही हुआ, जिसका मुझे डर था
जोर-जबरदस्ती से
बात की चूड़ी मर गई
और वह भाषा में बेकार घूमने लगी ।’

– ‘सृजन’ में संकलित उपर्युक्त अवतरण के रचनाकार कौन हैं ?

(1) कुँवर नारायण (2) शमशेर बहादुर सिंह

(3) नरेश मेहता (4) अज्ञेय

58. ‘सरयू’ में संकलित कवि घनानंद के ‘प्रेम-पीर-वर्णन’ के अनुसार ‘प्रेममार्ग’ किनके लिए कठिन है ?

(1) सीधे-सरल लोगों के लिए

(2) ज्ञानमार्गियों के लिए

(3) गृहस्थों के लिए

(4) कपटी व्यक्तियों के लिए

59. ‘आराधन का दृढ़, आराधन से दो उत्तर,
तुम वरो विजय, संयत प्राणों से प्राणों पर ।
रावण अशुद्ध होकर भी यदि कर सकता त्रस्त,
तो निश्चय तुम हो सिद्ध, करोगे उसे ध्वस्त ।’

– ‘सरयू’ में संकलित ‘राम की शक्तिपूजा’ से उद्‌धृत उपर्युक्त कथन किसका है ?

(1) विभीषण का (2) लक्ष्मण का

(3) जाम्बवान का (4) हनुमान का

60. “संगत कीजै साधु की, कभी न निष्फल होय ।
लोहा पारस परस ते, सो भी कंचन होय ।”
उपर्युक्त पंक्तियाँ ‘सृजन’ में संकलित इनमें से किस कवि की हैं ?

(1) तुलसीदास (2) बिहारी

(3) रहीम (4) कबीर

61. ‘मैं जब-जब शिरीष की ओर देखता हूँ, तब-तब हूक उठती है – हाय ! वह ‘अवधूत’ आज कहाँ है ?

– ‘सरयू’ में संकलित ‘शिरीष के फूल’ रचना से उद्‌धृत उपर्युक्त कथन में ‘अवधूत’ शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(1) कालिदास के लिए

(2) महात्मा गाँधी के लिए

(3) रवीन्द्रनाथ ठाकुर के लिए

(4) कबीर के लिए

62. ‘वे राजनेता के साथ-साथ रहस्यवादी परमयोगी भी थे ।’

– ‘मंदाकिनी’ में संकलित ‘सुभाषचंद्र बोस’ रचना से उद्‌धृत उक्त पंक्ति में किस व्यक्ति का उल्लेख है ?

(1) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (2) रामकृष्ण परमहंस

(3) स्वामी विवेकानंद (4) अरविन्द घोष

63. ‘मानव शरीर में पेट का स्थान नीचे है, हृदय का ऊपर और मस्तिष्क का सबसे ऊपर । पशुओं की तरह उसका पेट और मानस समानांतर रेखा में नहीं हैं ।’

– ‘मंदाकिनी’ से उद्‌धृत उपर्युक्त कथन किस रचना से लिया गया है ?

(1) राष्ट्र का स्वरूप

(2) हमारी पुण्यभूमि और उसका गौरवमय अतीत

(3) गेहूँ बनाम गुलाब

(4) सुभद्रा

64. ‘सरयू’ में संकलित नरेश मेहता की रचना के अनुसार ‘किरण धेनुएँ’ क्या चरती हैं ?

(1) ओसकण (2) अंधकार

(3) तारक समूह (4) बादल

65. ‘सरयू’ में संकलित कहानी ‘पाजेब’ किस प्रकार की कहानी है ?

(1) ऐतिहासिक (2) बालमनोवैज्ञानिक

(3) आंचलिक (4) पौराणिक

66. 'बेसर-मोती-दुति-झलक परी अधर पर आनि।
पट पोंछती चूनो समुझि नारी निपट अयानि।'
उपर्युक्त पंक्तियों में इनमें से कौन सा अलंकार है ?

(1) संदेह (2) विरोधाभास
(3) भ्रान्तिमान (4) मानवीकरण

67. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?

(1) हरिगीतिका के प्रत्येक चरण में 28 मात्राएँ होती हैं।
(2) द्रुतविलम्बित छन्द के प्रत्येक चरण में 10 वर्ण होते हैं तथा एक नगण, एक भगण, एक नगण तथा एक रगण का क्रम होता है।
(3) चौपाई के प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती हैं।
(4) दोहा के विषम चरणों में 13 तथा सम चरणों में 11 मात्राएँ होती हैं।

68. इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) उपमेय को 'प्रस्तुत' और उपमान को 'अप्रस्तुत' भी कहते हैं।
(2) जहाँ प्रस्तुत पर अप्रस्तुत का अभेद आरोप किया जाये, वहाँ रूपक अलंकार होता है।
(3) जहाँ उपमेय की उपमान से तुलना की जाये, वहाँ उपमा अलंकार होता है।
(4) जहाँ बिना कारण के ही कार्य सम्पन्न हो जाये, वहाँ असंगति अलंकार होता है।

69. 'बहुत पहले भी जेठ-बैसाख की दुपहरी तो ऐसी ही उजाड़ हुआ करती थी, पर तब इतनी उदास और सपाट कभी नहीं लगी या यों कहें कि इतना वक्त ही किसे रहता था।"

ये पंक्तियाँ 'मंदाकिनी' के किस पाठ से ली गई हैं ?

(1) सुभद्रा (2) निर्वासित
(3) भोर का तारा (4) गेहूँ बनाम गुलाब

70. इनमें से कौन सा कथन सही है ?

(1) हास्य रस का स्थायी भाव हास है।
(2) वीर रस का स्थायी भाव वीरता है।
(3) अमर्ष को शांत रस का स्थायी भाव माना गया है।
(4) करुण रस का स्थायी भाव करुणा है।

71. 'शब्द-शक्तियों' से संबंधित कौन सा कथन असंगत है ?

(1) 'अभिधा' शब्द-शक्ति किसी शब्द के मुख्यार्थ या वाच्यार्थ का बोध कराती है।
(2) साक्षात् संकेतित अर्थ का बोध कराने वाली शक्ति 'व्यंजना' कहलाती है।
(3) 'लक्षणा' शक्ति लक्ष्यार्थ का बोध कराती है।
(4) 'व्यंजना' शब्द-शक्ति द्वारा निष्पन्न अर्थ व्यंग्यार्थ भी कहलाता है।

72. इनमें माधुर्य गुण से संबंधित कौन सा कथन असंगत है ?

(1) माधुर्य गुण में सामान्यतः ट, ठ, ड, ढ वर्णों का अभाव रहता है।
(2) इसमें समास रहित या अल्प-समास-युक्त पदावली होती है।
(3) इसमें चित्त को द्रवित करने की विशेषता होती है।
(4) हास्य और अद्भुत रस में इसका प्रयोग होता है।

73. इनमें से कौन सा कथन गलत है ?

(1) विभाव, अनुभाव और संचारी भाव रस के प्रमुख घटक हैं।
(2) विशिष्ट भावों को विभाव कहते हैं।
(3) शंकुक का रस-निष्पत्ति विषयक मत 'अनुमितिवाद' कहलाता है।
(4) 'अभिव्यक्तिवाद' का संबंध अभिनवगुप्त से है।

**74.** काव्य-रीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथन किसका है ?
'विशिष्टापद-रचना रीतिः । विशेषोगुणात्मा ।'
(1) विश्वनाथ (2) भामह
(3) वामन (4) दण्डी

**75.** 'राजन देहु तुरंग मोहि, अथवा देहु मतंग ।' इस पंक्ति में इनमें से कौन सा काव्य-दोष है ?
(1) अक्रमत्व (2) अप्रतीतत्व
(3) क्लिष्टत्व (4) दुष्क्रमत्व

**76.** 'पृथ्वीराज रासो' को सर्वथा अप्रामाणिक ग्रंथ मानने वाले विद्वान इनमें से कौन हैं ?
(1) कर्नल टॉड
(2) श्यामसुंदर दास
(3) मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या
(4) डॉ. बूलर

**77.** किस विकल्प में रचना और रचनाकार सुमेलित नहीं हैं ?
(1) वर्णरत्नाकर – ज्योतिरीश्वर ठाकुर
(2) उक्तिव्यक्ति - प्रकरण – गोविंद चंद्र
(3) बीसलदेव रासो – नरपति नाल्ह
(4) श्रावकाचार – देवसेन

**78.** 'बेद, नखत, ग्रह जोरि, अरध करि,
सोइ बनत अब खात ।'
– इस उद्धरण में कौन सा काव्य-दोष है ?
(1) अप्रतीतत्व (2) क्लिष्टत्व
(3) दुष्क्रमत्व (4) ग्राम्यत्व

**79.** इनमें वैदर्भी रीति से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) वैदर्भी रीति का आधार प्रसाद गुण है ।
(2) इसमें अल्प-समास या लघु समास युक्त पद होते हैं ।
(3) इसमें सुकुमार पदावली होती है ।
(4) इसमें महाप्राण तथा संयुक्त व्यंजनों का अभाव रहता है ।

**80.** आदिकाल को 'सिद्धसामंतकाल' किसने कहा था ?
(1) राहुल सांकृत्यायन
(2) रामकुमार वर्मा
(3) महावीरप्रसाद द्विवेदी
(4) हजारीप्रसाद द्विवेदी

**81.** रचनाकार और रचना की दृष्टि से कौन सा विकल्प असंगत है ?
(1) कुतुबन – मृगावती
(2) उस्मान – चित्रावली
(3) मंझन – मधुमालती
(4) नूर मुहम्मद – हंसजवाहिर

**82.** '....... सूने घर का पाहुणां, ज्यूं आया त्यूं जाव ।'
– कबीर की उक्त साखी के अनुसार जीवात्मा का इस संसार से खाली हाथ लौटने का क्या कारण बताया गया है ?
(1) सच्चा गुरु नहीं मिलने के कारण
(2) आत्मज्ञान नहीं होने के कारण
(3) प्रभु प्रेम का रसास्वाद नहीं लेने के कारण
(4) साधु संगति नहीं करने के कारण

**83.** गो. तुलसीदास की इन रचनाओं में से किस रचना में ब्रजभाषा का प्रयोग है ?
(1) कवितावली (2) रामललानहछू
(3) रामचरितमानस (4) जानकीमंगल

**84.** इनमें रचना और रचनाकार से संबंधित कौन सा विकल्प असंगत है ?
(1) रास पंचाध्यायी – नन्ददास
(2) हिततरंगिणी – सेनापति
(3) विज्ञान गीता – केशवदास
(4) ध्यानमंजरी – अग्रदास

**85.** 'बीसलदेव रासो' की नायिका का नाम था :
(1) राजवती (2) रूपवती
(3) राजमती (4) रूपमती

86. 'हाँ, दो-तीन दिन ही तो हुए हैं । मैं यहाँ पढ़ने आया हूँ ।' 'जहाँ लक्ष्मी कैद है' कहानी में यह कथन किस पात्र का है ?

(1) गोविंद (2) रामस्वरूप
(3) रूपाराम (4) दिलावर सिंह

87. रचनाओं और रचनाकारों को सुमेलित करते हुए सही विकल्प चुनिए :

| **I-रचनाएँ** | **II-रचनाकार** |
|---|---|
| (क) सुखसागर | (i) लल्लूलाल |
| (ख) प्रेमसागर | (ii) सदल मिश्र |
| (ग) भाषायोगवासिष्ठ | (iii) मुंशी सदासुखलाल |
| (घ) नासिकेतोपाख्यान | (iv) रामप्रसाद 'निरंजनी' |

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

88. इनमें से किस कवि की रचनाएँ चौथे सप्तक में नहीं हैं ?

(1) स्वदेश भारती (2) मदन वात्स्यायन
(3) सुमन राजे (4) नंदकिशोर आचार्य

89. 'श्रद्धा – भक्ति' निबंध के अनुसार कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) श्रद्धा में घनत्व अधिक होता है और प्रेम में विस्तार ।
(2) प्रेम में कोई मध्यस्थ नहीं, पर श्रद्धा में मध्यस्थ अपेक्षित है ।
(3) श्रद्धा का मूलतत्त्व है दूसरे का महत्त्व स्वीकार करना ।
(4) श्रद्धा तीन प्रकार की होती है – प्रतिभा संबंधी, शील संबंधी और साधन-सम्पत्ति संबंधी ।

90. रचना और रचनाकार से संबंधित कौन सा विकल्प सही नहीं है ?

(1) अंधेरे बंद कमरे – राजेन्द्र यादव
(2) खंजन नयन – अमृतलाल नागर
(3) चित्तकोबरा – मृदुला गर्ग
(4) मछली मरी हुई – राजकमल चौधरी

91. 'लाऊँ पै सिर लाज हूँ, सदा कहाऊँ दास ।
गण ह्वै गाऊँ तूझ गुण, पाऊँ वीर प्रकास ।'
'वीर सतसई' की इन पंक्तियों में निम्नलिखित में से किसकी वंदना की गई है ?

(1) देशभक्त वीर की (2) सरस्वती की
(3) गणेश की (4) राजा की

92. प्रसाद प्रणीत 'कामायनी' से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) इसमें कुल 15 सर्ग हैं ।
(2) सर्गों का नामकरण चिंता, श्रद्धा आदि मनोविकारों के आधार पर किया गया है ।
(3) मनु और श्रद्धा इसके प्रमुख पात्र हैं ।
(4) इसके कथानक का आधार मनुस्मृति है ।

93. 'कुरुक्षेत्र' से संबंधित कौन सा कथन असंगत है ?

(1) कुरुक्षेत्र का सर्वप्रथम प्रकाशन सन् 1946 में हुआ था ।
(2) यह महाकाव्य गाँधीवादी अहिंसा का पूर्ण समर्थन करता है ।
(3) इसका मूल कथानक महाभारत के शांतिपर्व से लिया गया है ।
(4) इसमें युद्ध और शांति को लेकर गंभीर और विशद् चिन्तन प्रस्तुत किया गया है ।

94. 'असाध्य वीणा' से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) अज्ञेय कृत 'आँगन के पार द्वार' में संकलित यह कविता बौद्ध दर्शन से प्रभावित मानी जाती है ।
(2) वीणा का निर्माण पुराने किरीटी तरु से किया गया था ।
(3) इस वीणा को कीर्तिध्वज ने बनाया था ।
(4) राजा के दरबारी कलावंतों में से इस असाध्य वीणा को कोई नहीं बजा सका ।

95. 'राम-राम ! यह भी कोई लड़ाई है ! दिन-रात खंदकों में बैठे हड्डियाँ अकड़ गईं ।' – 'उसने कहा था ' कहानी से उद्धृत उक्त कथन किसका है ?

(1) लहनासिंह (2) हजारासिंह
(3) वजीरासिंह (4) बोधासिंह

96. मेरी भवबाधा हरौ, राधा नागरि सोइ ।
जा तन की झाँई परैं, स्याम हरित दुति होई ।
बिहारी के इस दोहे के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही है ?
(1) कृष्ण की स्तुति और अनुप्रास अलंकार
(2) राधा की स्तुति और यमक अलंकार
(3) कृष्ण की स्तुति और विभावना अलंकार
(4) राधा की स्तुति और श्लेष अलंकार

97. इन रचनाओं और रचनाकारों को सुमेलित करते हुए सही विकल्प चुनिए :

| I-रचनाएँ | II-रचनाकार |
|---|---|
| (क) बलचनमा | (i) हजारीप्रसाद द्विवेदी |
| (ख) पुनर्नवा | (ii) मन्नू भंडारी |
| (ग) आपका बंटी | (iii) अज्ञेय |
| (घ) अपने अपने अजनबी | (iv) नागार्जुन |

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (3) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

98. इन रचनाकारों को रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| I-रचनाकार | II-रचनाएँ |
|---|---|
| (क) मतिराम | (i) रस रहस्य |
| (ख) चिन्तामणि | (ii) ललित ललाम |
| (ग) देव | (iii) काव्य विवेक |
| (घ) कुलपति मिश्र | (iv) भावविलास |

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

99. 'नारी का आकर्षण पुरुष को पुरुष बनाता है, तो उसका अपकर्षण उसे गौतम बुद्ध बना देता है ।'
– 'लहरों के राजहंस' से उद्धृत यह कथन किसका है ?
(1) सुन्दरी (2) अलका
(3) नन्द (4) भिक्षु आनन्द

100. निम्नलिखित रचनाओं और रचनाकारों को सुमेलित कीजिए :

| I-रचनाएँ | II-रचनाकार |
|---|---|
| (क) तुलसीदास | (i) पंत |
| (ख) स्वर्णधूलि | (ii) प्रसाद |
| (ग) नीरजा | (iii) निराला |
| (घ) आँसू | (iv) महादेवी |

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

101. मोहन राकेश की कहानी 'एक और जिन्दगी' के बारे में कौन सा कथन सही है ?
(1) इसमें आज के तनावपूर्ण दांपत्य संबंधों का यथार्थवादी चित्रण है ।
(2) इसका कथानक पौराणिक है ।
(3) यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर लिखी गई है ।
(4) इसमें आदर्शवादी जीवन दर्शन का अंकन है ।

102. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार कृष्णगढ़ (किशनगढ़) के भक्त कवि नागरीदास का असली नाम क्या था ?
(1) महाराज बहादुरसिंह (2) महाराज सावंतसिंह
(3) महाराज सरदारसिंह (4) महाराज राजसिंह

103. 'नाथ संभुधनु भंजनिहारा । होइहि केउ एक दास तुम्हारा ।'
–रामचरितमानस के 'बालकाण्ड' से उद्धृत उपर्युक्त कथन किसका है ?
(1) राम (2) विश्वामित्र
(3) लक्ष्मण (4) जनक

104. 'परिन्दे' कहानी के अनुसार डॉ. मुकर्जी मूलतः कहाँ के रहने वाले थे ?
(1) भूटान (2) बर्मा
(3) नेपाल (4) सिक्किम

105. 'माई ! साँवरे रंग राची' पद में मीरा ने 'काल–ब्याल' से बचने का क्या उपाय बताया है ?
(1) आत्मज्ञान (2) ईश्वर का गुणगान
(3) साधु–संगति (4) गुरु कृपा

106. वह विधि जिसका प्रयोग चारों भाषायी कौशलों के विकास हेतु किया जाता है –
(1) द्विभाषी विधि (2) सूत्र विधि
(3) दूरस्थ विधि (4) अनुकरण विधि

107. समवाय प्रणाली में शिक्षण होता है –
(1) सभी विषयों का समेकित ज्ञान कराना ।
(2) गद्य, पद्य शिक्षण के साथ व्याकरण शिक्षण कराना ।
(3) उत्तम लेखकों की रचनाएँ पढ़कर व्याकरण ज्ञान कराना ।
(4) व्याकरण का अलग से सैद्धांतिक ज्ञान कराना ।

108. हरबर्टीय विधि का एक दोष नहीं है
(1) यह शिक्षक को अधिक स्वतंत्रता नहीं देती ।
(2) रसानुभूति वाले पाठों के शिक्षण हेतु अधिक उपयुक्त नहीं ।
(3) यह शिक्षण के मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है ।
(4) इसमें अधिगम की अपेक्षा शिक्षण पर अधिक बल दिया जाता है ।

109. 'अति सुंदर तन स्याम सरीखो देखत हरि पछिताने ।' 'भ्रमरगीत सार' की इस पंक्ति में किसके सुंदर तन का वर्णन है ?
(1) कृष्ण (2) बलराम
(3) उद्धव (4) राधा

110. शिक्षण विधियों के संदर्भ में कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) ध्वयन्यात्मक विधि वर्णमाला सिखाने से संबंधित है ।
(2) व्याख्यान विधि में विभिन्न प्रयोगों व दृष्टांतों का उपयोग किया जा सकता है ।
(3) शाखीय अभिक्रमित अनुदेशन विधि में छात्र प्रश्न का उत्तर स्वयं बनाता है ।
(4) भाषा शिक्षण यंत्र विधि में सीतावाद्य आदि यंत्रों का प्रयोग किया जाता है ।

111. पढ़ना सिखाने के लिए साहचर्य प्रणाली का निर्माण किसने किया ?
(1) मॉण्टेसरी (2) मैंजिल
(3) फ्राबेल (4) जॉन डीवी

112. "इकाई किसी समस्या या योजना से सम्बन्ध जोड़ने वाली क्रियाओं की समग्रता या एकता को प्रकट करती है ।" इकाई विधि का यह कथन है
(1) मॉरीसन (2) हैनरी हैरप
(3) थॉमस एम. रिस्क (4) हरबर्ट

113. "यदि हम चाहते हैं कि विद्यार्थियों का भाषा पर पूरा–पूरा अधिकार हो तो उन्हें ऐसे लेखकों की रचनाएँ पढ़ने को दी जाएँ, जिनका भाषा पर अच्छा अधिकार हो ।"
यह कथन किस शिक्षण विधि के सन्दर्भ में कहा गया है ?
(1) सूत्र विधि (2) प्रयोग विधि
(3) भाषा संसर्ग विधि (4) पाठ्यपुस्तक विधि

114. द्विभाषी पद्धति का क्षेत्र नहीं है
(1) सम्मेलन व गोष्ठियाँ
(2) अनुवाद शिक्षण
(3) प्राथमिक कक्षाएँ
(4) विदेशी भाषा शिक्षण

115. "बोलना मनुष्य को पूर्णता तक पहुँचाता है, लेकिन लिखना आदमी को परम शुद्ध बनाता है ।" लेखन कौशल के सम्बन्ध में यह कथन है
(1) अरस्तू (2) बेकन
(3) शेक्सपियर (4) रायबर्न

116. अशुद्ध उच्चारण का कारण है
(1) वागेन्द्रियों में विकार (2) सामाजिक प्रभाव
(3) प्रयत्न लाघव (4) अक्षरज्ञान

117. कथित श्रव्य सामग्री है –
(1) कविता पाठ (2) वार्तालाप
(3) वाद-विवाद (4) भाषण

118. "सूक्ष्म अध्यापन, नियंत्रित अभ्यास का सूत्र है जिसमें एक विशिष्ट अध्यापन व्यवहार को नियंत्रित दशाओं में सीखना संभव है ।" यह किसका कथन है ?
(1) पैक एवं टेकर (2) एलन एवं ईव
(3) क्लिफ्ट (4) मैक कॉलम

119. सूक्ष्म शिक्षण चक्र की अवधि है –
(1) 28 मिनट (2) 30 मिनट
(3) 42 मिनट (4) 36 मिनट

120. इकाई योजना का पद नहीं है –
(1) प्रस्तावना प्रश्न लिखना ।
(2) सम्पूर्ण इकाई को उपविभागों में बाँटना ।
(3) उपविभागों के उद्देश्य निर्धारित करना ।
(4) शिक्षक-शिक्षार्थी क्रियाएँ निश्चित करना ।

121. श्रुतलेखन विधि का उद्देश्य नहीं है
(1) लेखन गति का विकास
(2) वाचन गति का विकास
(3) एकाग्रचित्तता का विकास
(4) शुद्ध व स्पष्ट लेखन का विकास

122. फलालेन बोर्ड का प्रयोग होता है –
(1) लेखन कार्यों में
(2) श्रवण हेतु
(3) चित्र प्रदर्शन हेतु
(4) फिल्म पट्टिका प्रदर्शन हेतु

123. अनुकरण वाचन के भेद हैं –
(1) दो (2) तीन
(3) चार (4) पाँच

124. सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन पर प्रभावी रूप से बल दिया गया –
(1) राधाकृष्णन आयोग द्वारा
(2) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 द्वारा
(3) मुदालियर आयोग द्वारा
(4) इनमें से कोई नहीं

125. सतत एवं व्यापक मूल्यांकन का उद्देश्य नहीं है –
(1) मूल्यांकन को नियमित एवं समग्र बनाना ।
(2) मूल्यांकन में रटने की बजाय समझने पर बल देना ।
(3) मूल्यांकन में शिक्षक की भूमिका कम करना ।
(4) मूल्यांकन में निदान व उपचार को प्रोत्साहित करना ।

126. चित्र विस्तारक यंत्र किस प्रकार की सहायक सामग्री है ?
(1) यांत्रिक श्रव्य सामग्री
(2) यांत्रिक दृश्य श्रव्य सामग्री
(3) यांत्रिक दृश्य सामग्री
(4) इनमें से कोई नहीं

127. इनमें से किस विकल्प के सभी वर्ण 'मूर्धन्य' हैं ?
(1) ठ, ण, घ, ध (2) र, ड, ष, ट
(3) ट, ढ, ष, फ (4) ण, ऋ, ढ़, झ

128. किस विकल्प के सभी वर्ण 'स्पर्श व्यंजन' नहीं हैं ?
(1) थ, च, फ, ख (2) ध, झ, घ, प
(3) क, ठ, द, भ (4) ग, ज, य, ब

129. इनमें हिन्दी वर्णमाला से संबंधित कौन सा कथन गलत है ?
(1) क वर्ग, ह तथा अ–आ 'कण्ठ्य वर्ण' माने गये हैं ।
(2) समस्त स्वर 'अघोष वर्ण' हैं ।
(3) च वर्ग को 'स्पर्श संघर्षी' भी कहते हैं ।
(4) ड़–ढ़ को 'उत्क्षिप्त व्यंजन' कहते हैं ।

130. किस विकल्प के सभी शब्द 'तत्सम' हैं ?
(1) सरल, विरल, नख
(2) सूतक, सहजात, बरात
(3) कार्य, कूप, कान
(4) जीर्ण, ज्येष्ठ, अचरज

131. किस विकल्प के सभी शब्द 'तद्भव' हैं ?
(1) रात, ज्ञात, जात
(2) बाघ, गाँव, मस्तक
(3) परस, पीठ, परीक्षा
(4) खीर, बहू, प्रगट

132. इनमें स्वरों से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) एक ही स्थान से उच्चरित होने वाले स्वर 'सवर्ण' कहलाते हैं ।
(2) 'उ–ऊ' परस्पर सवर्ण स्वर हैं ।
(3) 'ओ–औ' भी सवर्ण स्वर हैं ।
(4) उच्चारण में लगने वाले समय के आधार पर स्वरों के दो भेद किये जाते हैं ।

133. किस विकल्प में एक भी 'विदेशी' शब्द नहीं है ?
(1) अदालत, साक्षी, ठठेरा
(2) जलयान, वायुयान, गिलास
(3) पाठशाला, व्यायाम, कोयल
(4) उर्दू, राजस्थानी, मराठी

134. हिन्दी व्याकरण से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द 'सार्वनामिक विशेषण' कहलाते हैं ।
(2) अविकारी शब्दों को अव्यय भी कहते हैं ।
(3) संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण विकारी शब्द हैं ।
(4) कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद किये जाते हैं ।

135. किस विकल्प के सभी शब्द भाववाचक संज्ञा हैं ?
(1) बालक, प्रीति, अनेकता
(2) पशुता, पुस्तक, शौर्य
(3) सौन्दर्य, अपनापन, निपुण
(4) ईर्ष्या, बचपन, नैतिकता

136. किस विकल्प में सर्वनाम से बनी भाववाचक संज्ञा है ?
(1) समता (2) ममता
(3) विषमता (4) आर्थिकता

137. किस विकल्प के सभी शब्द क्रिया से बनी भाववाचक संज्ञा हैं ?
(1) पढ़ाई, लिखावट (2) भलाई, सजावट
(3) बुराई, बनावट (4) अच्छाई, दिखावट

138. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द तत्सम नहीं हैं ?
(1) पुष्कर, भक्त, भ्रमर
(2) भल्लुक, रस्सी, रिक्त
(3) पूर्व, नृत्य, पंक्ति
(4) मातृ, मेघ, मुष्टिका

**139.** इनमें कौन सा शब्द संज्ञा से बना विशेषण नहीं है ?

(1) आर्थिक (2) प्राथमिक
(3) सामाजिक (4) वैज्ञानिक

**140.** इनमें कौन सा शब्द विशेषण नहीं है ?

(1) भाईचारा (2) बेचारा
(3) थकाहारा (4) बेसहारा

**141.** इनमें से किस विकल्प में अकर्मक क्रिया का प्रयोग है ?

(1) महिलाएँ गीत गा रही हैं।
(2) बालक पतंग उड़ा रहा था।
(3) किसान फसल काट रहा है।
(4) आकाश में पक्षी उड़ रहे हैं।

**142.** किस विकल्प में 'मध्यम पुरुष' का प्रयोग हुआ है ?

(1) मैंने
(2) उनसे कहा था कि
(3) अन्य लोगों के साथ-साथ
(4) आपको भी सूचित करदें

**143.** 'वह अचानक चला गया।' इस वाक्य में इनमें से क्या है ?

(1) कालबोधक क्रिया-विशेषण
(2) स्थानबोधक क्रिया-विशेषण
(3) परिमाणबोधक क्रिया-विशेषण
(4) रीतिबोधक क्रिया-विशेषण

**144.** 'आपके बारे में कल कोई कुछ कह रहा था।' इस वाक्य में इनमें से किन-किन सर्वनामों का प्रयोग हुआ है ?

(1) निश्चयवाची, मध्यम पुरुष
(2) अन्यपुरुष, अनिश्चयवाची
(3) अनिश्चयवाची, मध्यम पुरुष
(4) निजवाचक, संबंध वाचक

**145.** 'भगवान तुम्हारा भला करे।' यह वाक्य इनमें से किस प्रकार का है ?

(1) आज्ञार्थक (2) संकेतार्थक
(3) विधानार्थक (4) इच्छार्थक

**146.** 'जो ज्ञानी होते हैं, उनका सभी सम्मान करते हैं।' इस वाक्य में इनमें से कौन सा उपवाक्य है ?

(1) विशेषण उपवाक्य
(2) संज्ञा उपवाक्य
(3) क्रिया-विशेषण उपवाक्य
(4) संज्ञा तथा क्रिया-विशेषण उपवाक्य

**147.** इनमें संयुक्त वाक्य कौन सा है ?

(1) हम जयपुर गये और वहाँ चार दिन रुके।
(2) अच्छे लड़के नियमित पढ़ाई करते हैं।
(3) जिसका मुझे भय था, वही हुआ।
(4) सामने वाले कमरे में चार लड़के व्याकरण की पुस्तक पढ़ रहे हैं।

**148.** इनमें 'क्रिया-विशेषण आश्रित-उपवाक्य' किस विकल्प में है ?

(1) मेरी वह पुस्तक कहाँ है, जिसमें कृष्ण कथा है।
(2) सीता ने कहा कि मैं भी वन जाऊँगी।
(3) वह कमरा अब बंद है जिसमें हम बैठा करते थे।
(4) उसने वैसा ही किया जैसा कहा गया था।

**149.** इनमें कौन सा संधि शब्द सही है ?

(1) कवि + इन्द्र = कविन्द्र
(2) राम + ईश = रमेश
(3) उत् + श्वसित = उच्छवसित
(4) दिक् + नाग = दिङ्नाग

**150.** निम्नलिखित शब्दों को ध्यान से पढ़िये :

(क) क्योंकि (ख) वाह
(ग) शीघ्र (घ) तथा

उपर्युक्त विकल्पों में से समुच्चयबोधक अव्यय किस-किस विकल्प में हैं ?

(1) (क) और (ख) (2) (ख) और (घ)
(3) (क) और (घ) (4) (ग) और (घ)

रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK